Exam. Code : 103201
Subject Code : 1018

B.A./B.Sc. 1st Semester

HINDI ELECTIVE

(Adhunik Kavita, Vyakaran Tatha Anuvad)

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—100

Note :— There are ***eight*** questions. Candidates are required to attempt any ***five*** questions. All questions carry equal marks. [20×5=100]

सैक्शन—ए

1. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :—

(i) निज भाषा उन्नंति अहै, सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल।।
अंग्रेजी पढि के जदपि, सब गुण होत प्रवीण।
पै निज भाषा ज्ञान बिन, रहत हीन के हीन।।
उन्नति पूरी है तबहि, जब घर उन्नति होय।
निज शरीर उन्नति किए, रहत मूढ़ सब कोय।।

Scanned with CamScanner

(ii) जागो फिर एक बार,
सत् श्री अकाल,
भाल-उजल धक-धक कर जला
भस्म हो गया था काल
तीनों गुण-ताप-त्रय
अभय हो गए थे तुम
मृत्युंजय व्योम केश के समान,
अमृत-सन्तान ! तीव्र
भेदकर सप्तावरण-मरण-लोक
शोक-हारी ! पहुँचे थे वहाँ
जहाँ आसन है, सहस्तार।

2. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :—

(i) हाँ, वृद्ध भारतवर्ष ही संसार का सिरमौर है,
ऐसा पुरातन देश कोई विश्व में क्या और है ?
भगवान की भव-भूतियों का यह प्रथम भण्डार है,
विधि ने किया नर-सृष्टि का पहले यहीं विस्तार है।

(ii) कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ,
जिससे उथल-पुथल मच जाए,
नियम और उपनियमों के ये,
बन्धन टूक-टूक हो जाएं,
विश्वंभर की पोषक वीणा,
के सब तार मूक हो जाएं।

Scanned with CamScanner

सैक्शन—बी

3. सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला के व्यक्तित्त्व और कृतित्त्व पर प्रकाश डालें।

4. अज्ञेय की कविताओं की मूल संवेदना पर विस्तारपूर्वक चर्चा करें।

सैक्शन—सी

5. संज्ञा की परिभाषा देते हुए इसके प्रकारों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करें।

6. विशेषण की परिभाषा देते हुए इसके प्रकारों का वर्णन करें।

सैक्शन—डी

7. (क) निम्नलिखित शब्दों का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करें :—

(i) Attached (ii) Action

(iii) Bonafied (iv) Commission

(v) Document (vi) Forwarded

(vii) Zonal (viii) Unavoidable

(ix) Joint (x) Neutral

(ख) गृह-प्रवेश सम्बन्धी निमंत्रण पत्र लिखें।

8. (क) आत्म परिचय से आप क्या समझते हैं ? आत्म परिचय का सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ख) अपने कॉलेज के प्राचार्य को छात्रावास में रहने के लिए आवास प्रदान करने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

Scanned with CamScanner